नवभारत

मुंबई मेट्रो 2 ए और 7 का ट्रायल

♦नवभारत न्यूज नेटवर्क, **मुंबई.** मुंबईकरों के लिए राहत भरी खबर है. इसी माह बहुप्रतिक्षित मेट्रो 2 ए एवं 7 का ट्रायल शुरू होने वाला है. बताया गया कि दहिसर पूर्व से अंधेरी पूर्व तक मेट्रो 2 ए एवं दहिसर से डीएन नगर तक मेट्रो 7 का ट्रायल मई के अंतिम सप्ताह तक शुरू किए जाने की तैयारी की गई है. मुंबई मेट्रोपॉलिटन रिजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) के अधिकारियों के अनुसार दोनों लाइनों का काम अंतिम चरण में है.

कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन में काम जरूर प्रभावित हुआ है, परन्तु कामराज- आरे खंड (20 किलोमीटर) की लाइन 2 ए और 7 की मेनलाइन पर मेट्रो ट्रेन का ट्रायल इस माह के अंतिम सप्ताह से शुरू किये जाने की योजना है.

चुनौतियों के बीच काम शुरू

एमएमआरडीए आयुक्त आर. ए. राजीव के अनुसार कोरोना काल की चुनौतियों के बीच मेट्रो का काम जारी है. साईट पर कच्चे माल की कमी के अलावा मजदूरों की भी कमतरता है, इसके बावजूद लक्ष्य के अनुरूप समय सीमा में काम को पूरा किए जाने का प्रयास हो रहा है. राजीव के अनुसार पहले चरण में मेट्रो लाइनों 2A और 7 का 20 किमी का ट्रायल रन शुरू होगा. आयुक्त ने आशा व्यक्त की कि मेट्रो कनेक्टिविटी का मुंबईकरों का सपना इसके माध्यम से जल्द ही साकार होगा.

35 किमी लंबी मेट्रो लाइन

दोनों मेट्रो लाइनों की कुल लंबाई लगभग 35.1 किमी है. इनमें मेट्रो लाइन 2 ए की लंबाई 18.60 किमी और मेट्रो 7 की लंबाई 16.5 किमी है. जिनमें से शुरुआत में 20 किमी पर ट्रायल रन होगा. इन कॉरिडोर के मार्ग पर भी ट्रैक बिछाने और ओवरहेड वायर लगाने का कार्य अंतिम चरण में है. इस मानसून के पहले ट्रायल रन शुरू होने से आसानी होगी. ट्रायल रन उसी हिस्से पर होगा जहां काम लगभग पूरा हो गया है. अगले लगभग 15 किमी के हिस्से पर काम पूरा होने के बाद ट्रायल रन होगा.

मेट्रो रेक तैयार

पहली बार मेक इन इंडिया के तहत मेट्रो रेक तैयार किए गए हैं, जो इस समय चारकोप डिपो में हैं. ट्रायल रन के लिए बंगलुरू से लाए गए मेट्रो रेक का उपयोग होगा. इनका ट्रायल पिछली फरवरी में चारकोप डिपो में किया गया था.

MMRDA कर रहा तैयारी

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले नवी मुंबई में मेट्रो लाइन 1 का ट्रायल रन सफलतापूर्वक किया गया. पूरे एमएमआर में 300 किमी से ज्यादा का मेट्रो का काम चल रहा है, जो आने वाले वर्षों में मुंबई व उपनगरों में आवागमन को आसान बनाएगा.

Mumbai Edition
10-may-2021 Page No. 2
epaper.enavabharat.com